तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 1 फरवरी 2026

12 वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



14 पीएम श्री आत्मानंद विद्यालय में मनाया ...






**खबर संक्षेप**

### भाजपा अजा मोर्चा का संत रविदास पखवाड़ा आज से

लवन। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े के नेतृत्व में अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ के द्वारा पूरे प्रदेश भर संत रविदास की जयंती पर भव्य



कार्यक्रम आयोजित 1 से 7 फरवरी तक किया जाएगा। बता दें कि इस बार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े द्वारा संत रविदास जयंती को व्यापक रूप से पूरे प्रदेशभर में मनाए जाने के लिए मोर्चा के पदाधिकारियों को ज़िम्मेदारी दी है। साथ ही प्रदेश के विधायक और मंत्री भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बीजेपी के मीडिया प्रभारी हितेश रात्रे ने बताया कि 1 फरवरी को संत रविदास की जयंती है, जहां राजधानी रायपुर में आयोजित महादेव घाट के कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े शामिल होंगे, उसके पश्चात गुढ़ियारी में रविदास समाज द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा में भी शामिल होंगे। इसकी तैयारी प्रदेश संयोजक खेमराज बाकरे और प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत बाग तथा प्रदेश मंत्री ओमेश जीभेकर द्वारा की गई है।

### कुर्मी समाज की बैठक में 10 प्रकरणों का निराकरण

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा**। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के महाअधिवेशन तैयारियां और प्रकरणों के निराकरण के लिए ग्राम पंचायत गुमा में राज प्रधान सुनीता वर्मा की अध्यक्षता में सामाजिक बैठक हुई। इसमें स्वजातियों की उपस्थित के बीच प्राप्त 15 प्रकरणों 10 प्रकरणों का सर्वसम्मति उपरांत राज प्रधान के निर्णय से निराकरण किये गये। शेष पांच प्रकरणों की सुनवाई आगामी बैठक में सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर संरक्षक नरसिंह वर्मा, लेखराम वर्मा, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र वर्मा, कोपराम वर्मा, शत्रुघ्न वर्मा, उपराज प्रधान जितेंद्र धुरंधर, राजमंत्री द्वारिका वर्मा, सचिव प्रदीप बघमार, मीडिया प्रमुख महेश वर्मा, सांस्कृतिक प्रमुख नरेश धुरंधर, महिला प्रमुख ईश्वरी वर्मा, राज कार्यकारिणी सोमनाथ वर्मा, नारायण वर्मा, क्षेत्र प्रमुख चैतुराम वर्मा, ग्राम प्रमुख रामकुमार वर्मा, चांपा के सोमनाथ वर्मा, सैहा के तिलक वर्मा, भरूवाडीह के लक्ष्मीनारायण वर्मा सहित राज के समस्त ग्राम प्रमुख और क्षेत्र प्रमुख तथा स्वजातीयगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शिक्षक ने की सातवीं के छात्र से मारपीट

**महासमुंद**। सातवीं के छात्र से मारपीट करने के मामले में नांदगांव स्कूल के एक शिक्षक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी राजेश चेलक ने बताया कि उसका लड़का मिडिल स्कूल नांदगांव में सातवीं कक्षा का छात्र है। 30 जनवरी को रोजाना की भांति वह स्कूल पढ़ाई करने गया था। शाम करीबन 05 बजे स्कूल से आकर उसने बताया कि स्कूल पीरियड खत्म होने के बाद शाम 04 बजे प्रार्थना में खडा था, तभी पीछे से किसी लड़के ने उसे धक्का दिया, तब पास मे खड़े शिक्षक शंभु बंछोर ने मुझे क्यों धक्का दे रहे हो कहा, तब उसने कहा कि मैं धक्का नहीं दिया हूं। इतने में शिक्षक शंभू ने लकड़ी से चार बार मारा, जिससे पीठ, बांये कान के बगल में एवं बांये घुटने में चोट आई है, साथ ही आरोपी शिक्षक ने गाली गलौज भी किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी शिक्षक के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# जिला स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा की 10 विधाओं के 400 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोतिगता में 9 से 18 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक आयु के 10 एथलेटिक्स में लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल स्पर्धा के विजेताओं को पुष्पराज वर्मा द्वारा पुरस्कार वितरण किया तथा समस्त खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। अंडर 18 महिला- व्हालीबॉल खेल में कसडोल प्रथम, भाटापारा-द्वितीय, पलारी-तृतीय, खो-खो में भाटापारा-प्रथम, कसडोल-द्वितीय, सिमगा-तृतीय, रस्साकसी में सिमगा-प्रथम, पलारी-द्वितीय, कसडोल-तृतीय, बैडमिंटन सिंगल्स- प्रीति वैद्य प्रथम, तान्या शर्मा द्वितीय, अनायशा सोनी तृतीय, बैडमिंटन डबल्स- तान्या शर्मा एवं अनायशा सोनी प्रथम, प्रचिती वैद्व एवं अदा द्वितीय,18 वर्ष से अधिक में व्हालीबॉल में भाटापारा-प्रथम, बलौदाबाजार-द्वितीय, खो-खो में भाटापारा-प्रथम, बलौदाबाजार-द्वितीय, पलारी तृतीय, रस्साकसी में पलारी प्रथम, बलौदाबाजार द्वितीय, भाटापारा तृतीय, बैडमिंटन सिंगल्स में पुषपांजल प्रथम, खुशबू द्वितीय, सनीया तृतीय, बैडमिंटन डबल्स में पुष्पांजल एवं खुशबू प्रथम, रीवा एवं मानसी द्वितीय रहे।एथलेटिक्स 18 वर्ष से ▶▶ शेष पेज 13 पर

**विजेता खिलाड़ियों को पुष्पराज वर्मा द्वारा पुरस्कार वितरण**




**सीनियर पुरूष खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो में कसडोल-प्रथम**

जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता एवं सीनियर पुरूष खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन को सफल बनाने नगर पालिका बलौदाबाजार, शिक्षा विभाग के व्यायाम शिक्षकों एवं विकासखंड नोडल अधिकारी बलौदाबाजार, कसडोल, सिमगा एवं पलारी का योगदान रहा। इस प्रकार सीनियर पुरूष खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो में कसडोल-प्रथम, भाटापारा-द्वितीय, सिमगा-तृतीय, कबड्डी में कसडोल-प्रथम, भाटापारा-द्वितीय, तृतीय-सिमगा, रस्साकसी खेल में-भाटापारा- प्रथम, कसडोल-द्वितीय पलारी तृतीय रहे।

## धान खरीदी : किसानों को धान के एवज में 1679 करोड़ का हुआ भुगतान

# जिले के 157367 किसानों से 7 लाख 91 हजार मेट्रिक टन धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले में लगभग ढाई महीने तक चले धान खरीदी महाभियान 30 जनवरी को जिले में शांति एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में 15 नवम्बर से प्रारंभ हुई धान खरीदी के तहत जिले में 157367 किसानों से 791000 में मेट्रिक टन धान खरीदी की गई, जो पंजीकृत किसानों का 94.14 प्रतिशत है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को शासन द्वारा 1679 करोड़ रुपए का भुगतान सुनिश्चित किया गया है। समय पर भुगतान होने से किसानों को आर्थिक रूप से संबल मिला है।खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा ने बताया कि जिले में 1 लाख 67 हजार 121 किसान पंजीकृत थे, जिसमें से कुल 166 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 157367 किसानों ने 7 लाख 91 हजार मेट्रिक टन धान बेचा है। अब तक 279255 मेट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। धान खरीदी के दौरान प्रशासन द्वारा उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया जिससे किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत नहीं हुईं। प्रशासन की व्यवस्था से किसानों में हर्ष का माहौल रहा।

कलेक्टर श्री सोनी ने जिलें मे निर्विवाद एवं शांतिपूर्ण धान खरीदी होने संपन्न होने पर खरीदी में लगे विभिन्न विभागों के सभी मैदानी कर्मचारी, अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशो के अनुरूप धान खरीदी में किसी भी किसान को कोई तकलीफ न हो इसका मैदानी कर्मचारियों ने विशेष ध्यान रखा। सभी ने बहुत मेहनत किया जिसका ही परिणाम है कि धान खरीदी में कोई बड़ी समस्याओं का सामना जिले में नहीं करना पड़ा। किसानों के लिए बारदानों से लेकर पीने की पानी एवं छाया तक की व्यवस्था सुचारू रूप से किया गया था।



**कोचियों एवं बिचौलियों से 9057 क्विंटल अवैध धान जब्त**

जिला प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण और रकबा समर्पण अभियान के दौरान जिले के 135569 किसानों ने स्वेच्छा से 10813 हेक्टेयर रकबे का समर्पण किया। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर संयुक्त टीम द्वारा कोचियों और बिचौलियों पर कड़ी निगरानी एवं उपार्जन केंद्रों में नोडल अधिकारियो की मौजूदगी से अवैध धान पर सख्त कार्रवाई की गई। इसके साथ ही थोक विक्रेताओं, पोहा एवं राइस मिलो का भौतिक सत्यापन किया गया। अवैध धान खपाने वालों के खिलाफ कुल 210 प्रकरण दर्ज किए गए, जिसमें 9057 क्विंटल धान जब्त की गई। इस वर्ष शासन द्वारा उपयोग किए गए सतर्क एप के माध्यम से रियल टाइम मॉनिटरिंग की गई, जिससे परिवहन और खरीदी में होने वाली किसी भी अनियमितता पर तत्काल लगाम कसी गई। प्रबंधकों ऑपरेटरों, नोडल अधिकारी की साप्ताहिक बैठक लेकर आगामी कार्य योजना बनाई गई और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित कर उनका मनोबल भी बढ़ाया गया।

## आंतरिक शिकायत समिति गठित नहीं करने पर लगेगा जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

ऐसे सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 की धारा 4 अनुसार आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर शी-बॉक्स पोर्टल में ऑनबोर्ड किया जाना अनिवार्य है। किसी भी शासकीय या प्राईवेट संस्थान द्वारा आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर शी-बॉक्स पोर्टल में ऑनबोर्ड नहीं किये जाने की स्थिति में अधिनियम की धारा 26 अनुसार 50 हजार रूपये जुर्माना का भी प्रावधान है।शासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 19 जनवरी से 29 जनवरी तक अलग-अलग जगहों जिसमें भाटापारा के विशाल मेगा मार्ट, सुमित बाजार, ट्रेडर्स, आशीष कलेक्शन तथा औद्योगिक संस्थाओं के मालिक एवं एसोसिएशन सदस्यों के साथ बैठक की गई। इसी प्रकार विकासखंड पलारी के शुभम के मार्ट, बलौदाबाजार के हाट बाजारों में एवं जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में सरपंचों को एवं लगभग 497 प्राईवेट संस्थाओं व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर जोड़ा गया और उनको अधिनियम की जानकारी देते हुए आंतरिक शिकायत समिति गठन करने एवं पोर्टल में ऑनबोर्ड किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। अभी तक जिले के 242 शासकीय कार्यालय तथा 248 प्राईवेट संस्थाओं में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है। ऐसे प्रकरण जिसकी शिकायत नियोक्ता के विरूद्ध हो या अपील करनी हो तो इसके लिए जिले में स्थानीय शिकायत समिति भी कार्यशील है।

## नगर में स्वयंसेवक संघ का हुआ युवा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पलारी खंड के कुर्मी भवन बाल समुन्द रोड में युवा संगम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवीन महाविद्यालय वटगन के प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे, जिला संघचालक गणेश देवांगन, खंड संघचालक मंतराम वर्मा एवं युवाओं को दिशा देने के लिए मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख संजय रहे। उहोंने कहा कि जिस युवा ने अपने जीवन



में त्याग और संघर्ष किया है वह भारत ही नहीं बल्कि विश्व में इतिहास बनाया है, समाज में ऐसे युवाओं को विकसित करने की आवश्यकता है, जो चरित्र, नेतृत्व, व्यक्तित्व और ▶▶ शेष पेज 13 पर

## धोबानी में पांच दिवसीय योग शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हथबंद

जिला बलौदाबाजार के आयुष आरोग्य मंदिर दामाखेड़ा के तत्वावधान में ग्राम किरवई में पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर का समापन के बाद ग्राम धोबानी में पांच दिवसीय योग शिविर 1 से 5 फरवरी तक चलेगा। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षक पुरुषोत्तम निषाद के माध्यम से कराया जा रहा है। योग में प्रतिदिन ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चे भी पहुंच रहे हैं। बच्चों के लिए ताड़ासन वृक्षासन सूर्य



नमस्कार पश्चिमोत्तासन जानू सिरासन धनुरासन सर्वांगासन हलासन सहित भस्त्रिका प्राणायाम कपालभाती प्राणायाम अनुलोम विलोम उज्जाई मेडिटेशन इत्यादि को अभ्यास कराया जा रहा है और योगा प्रशिक्षक ने बताया की योग विद्या और प्राणायाम यह कोई नई विद्या नहीं है।और न ▶▶ शेष पेज 13 परा

## पुष्पा निषाद की पंडवानी टीम बुंदेलखंड रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

ग्राम कौशलपुर भाटापारा की सुप्रसिद्ध पंडवानी लोक गायिका पुष्पा निषाद का चयन राष्ट्रीय ग्रामीणांचल रामायण मेला बुंदेलखंड के लिए किया गया है। पांच दिवसीय महोत्सव 1 से 5 फरवरी तक ग्राम खेरिया अंतर्रा, जिला बांदा उत्तर प्रदेश में आयोजित होगा। महोत्सव में पुष्पा निषाद अपनी छत्तीसगढ़ी शैली पर आधारित लोक भजन एवं पंडवानी की प्रस्तुति देंगी। छत्तीसगढ़ की ओर से उनका चयन अंतरराष्ट्रीय पार्श्व गायक, साहित्यकार एवं चयनकर्ता अधिकारी डॉ. ललित सिंह ठाकुर द्वारा घोषित किया गया।



बुंदेलखंड में कार्यक्रम प्रस्तुति हेतु पुष्पा निषाद एवं डॉ. ललित सिंह ठाकुर की टीम ने भाटापारा नगर स्थित गायत्री मंदिर में पूजा-अर्चना कर दोपहर 12 बजे प्रस्थान किया।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में राष्ट्रीय रामायण मेला, भाटापारा का आयोजन 14 से 18 जनवरी तक हुआ था, जिसमें बुंदेलखंड की आयोजन समिति भी उपस्थित रही। पुष्पा निषाद की प्रभावशाली प्रस्तुति से प्रभावित होकर बुंदेलखंड आयोजन समिति ने डॉ. ललित सिंह ठाकुर से संपर्क कर उन्हें बुंदेलखंड महोत्सव में आमंत्रित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे उन्होंने सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए चयन समिति को अवगत कराया।

चयनकर्ता डॉ. ललित सिंह ठाकुर ने ▶▶ शेष पेज 13 पर

## शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज में हुआ वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह

# शिक्षा ही है विकास की मजबूत नींव : विधायक कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

शहीद वीरनारायण सिंह महाविद्यालय में विधायक कविता प्राण लहरे के मुख्य आतिथ्य में वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने की।

समारोह में विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि रामनारायण भट्ट, जगदीश पांडे, लकेश्वर देवांगन ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस, चंद्रशेखर भट्ट, सुनीता विक्रम कोसले सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य गरिमामय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट



प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर अतिथियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने कहा कि महाविद्यालय को स्थापित हुए 35 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, इसके बावजूद अब तक यहां स्नातकोत्तर महाविद्यालय की शुरुआत नहीं हो पाई है, जबकि यहां के विद्यार्थी राज्य स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने स्नातकोत्तर शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि विधायक कविता प्राण लहरे ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया तथा महाविद्यालय के सामने विद्यार्थी प्रतीक्षालय निर्माण की घोषणा कर विद्यार्थियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की मजबूत नींव है और छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन उत्साह, सम्मान और प्रेरणादायी संदेशों के साथ हुआ, जो विद्यार्थियों के लिए नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का स्रोत बना।

## हवन-पूजन व भंडारे के साथ शिव महापुराण कथा की पूर्णाहुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

महिला रामायण मंडली हथबंद द्वारा आयोजित शिव महा कथा पुराण का समापन हुआ। अंतिम दिवस हवन कर पूर्ण आहुति की गई। समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महाप्रसाद के रूप में हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भक्तजनों को हलवा पूरी वितरण की गई। समापन अवसर पर व्यास पीठ से तारेंद्र कृष्ण महाराज ने द्वादश ज्योतिर्लिंग, शिव महिमा, पार्वती की तपस्या और प्रेम तथा भगवान गणेश की मातृभक्ति महिमा का वर्णन किया। रामायण महिला मंडली ने सभी सहयोगी श्रद्धालु भक्तजनों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### गणतंत्र दिवस पर सीआईएसएफ में चयनित सोमेश का गांव में सम्मान

**महासमुंद।** भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 को शासकीय प्राथमिक शाला खट्टीडीह (कांपा) में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सोमेश पिता स्व अशोक कुमार कंवर (पूर्व उप-सरपंच, गोपालपुर पंचायत) का केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में चयन होने पर विद्यालय एवं ग्राम पंचायत की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नयापारा कला में मड़ई मेला का आयोजन

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम नयापारा कला में बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव, विधायक और करण सिंह दीवान, जिला सदस्य रहे। शिक्षकगण को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। मेले में ग्राम के सरपंच शशि दीवान, गंगा राम दीवान, पंचगढ़ अध्यक्ष संतलाल साहू, उपाध्यक्ष मोहनलाल पटेल, सचिन, पवन कुमार, ध्रुव, कोषाध्यक्ष राजकुमार पटेल, सहसचिव घनश्याम पटेल, चंद्रहास बरिहा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे और उन्होंने मेला सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को

**महासमुंद।** व्यापमं द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 का आयोजन 01 फरवरी को दो पालियों में होगा। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें जिले के 10 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में कुल 2524 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5:45 बजे तक होगी, जिसमें जिले के 17 परीक्षा केंद्रों में 4428 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा को नोडल अधिकारी तथा पीजी कॉलेज प्राचार्य करूणा दुबे को समन्वयक नियुक्त किया गया है। परीक्षा की तैयारी के तहत 30 जनवरी को नोडल एवं समन्वय अधिकारी की उपस्थिति में केंद्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। इसके पश्चात 31 जनवरी को सभी परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्षों द्वारा पर्यवेक्षकों एवं वीक्षकों हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### बिरकोनी में शाकंभरी महोत्सव आज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में रविवार को शक्ति मंदिर स्थित पटेल सामुदायिक भवन में मां शाकंभरी महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें पटेल समाज द्वारा प्रातः 10 बजे पूजा अर्चना की जाएगी। प्रातः 11 बजे माता शाकंभरी को रथ में विराजित कर, शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंच का कार्यक्रम शाम 6 बजे अतिथि स्वागत से किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर महाप्रसादी का आयोजन दोपहर 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा।

## तुलसी में तीन स्कूलों का हुआ संयुक्त वार्षिकोत्सव

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम पंचायत तुलसी में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हाई स्कूल का संयुक्त वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि लुकेश साहू सभापति जनपद पंचायत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता गिरधर साहू सरपंच ने की।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का सशक्त माध्यम होते हैं। सरपंच गिरधर साहू ने कहा आज विद्यार्थी केवल किताबों तक सीमित नहीं है, वे अनुशासन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें करमा, सुवा, पंथी, देशभक्ति गीत एवं रंगारंग कार्यक्रम शामिल रहा। उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एस के देवांगन, प्रधान पाठक महेंद्र साहू, बलराम साहू ग्राम सभा अध्यक्ष, चम्मन लाल साहू ग्रामीण सचिव,टिकलेज मारकंडे उपसरपंच, चिंताराम निषाद, चंद्रशेखर साहू, नेतराम साहू, धनेश्वरी साहू, पुष्पा कमल, जानो निषाद, बिटावन निषाद, मधु सेन, गैसमति ध्रुव पंचगण, चोवा राम साहू, महेंद्र यादव, विष्णु साहू एवं शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। संस्था प्रमुख संतोष कुमार देवांगन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## वार्षिकोत्सव में शामिल हुए भाजपा जिलामंत्री



**सेल।** सरस्वती शिशु मंदिर भद्रा के वार्षिकोत्सव में भाजपा जिलामंत्री, जनपद सदस्य मेलाराम साहू सम्मिलित हुए। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। आचार्यों ने मुख्य अतिथि स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य समोदराम कैवर्त्य, लेखराम कश्यप अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति भद्रा, विश्रामसागर कश्यप कोषाध्यक्ष, सरपंच चार बाई कश्यप, सरपंच प्रतिनिधि रामफल कश्यप, पूर्व सरपंच अटल संतराम वर्मा, लवकुमार वर्मा, कृष्ण कुमार कश्यप, कृष्ण कुमार वर्मा, शिवकुमार वर्मा, फुलसिग वर्मा, आचार्य ओमप्रकाश कश्यप, पिंटू कश्यप सहित बड़ी संख्या में आचार्य एवं पालक उपस्थित थे।



## सनराइज स्कूल के वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**खरोरा।** ग्राम संकरी स्थित सनराइज इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव मंथन 2.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा, विचार और सांस्कृतिक चेतना का समन्वय प्रस्तुत करना रहा। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। पंथी, सुआ एवं बारहमासी नृत्य के साथ विभिन्न राज्यों के लोकगीतों ने 'विविधता में एकता' का संदेश दिया। बच्चों ने देशभक्ति, महिला सशक्तिकरण और सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे सामाजिक विषयों पर प्रभावशाली मंचन कर दर्शकों को जागरूक किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 38वीं बटालियन आईटीबीपी के कमांडिंग ऑफिसर रोशन सिंह असवाल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन से सफलता प्राप्त करने का प्रेरक संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि ए.एन. बंजारा, शिक्षाविद मुकेश शाह एवं टाउन इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार कुशवाहा सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। प्राचार्य भिम्मा सिंह बांधे ने विद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की।




## मानव को मानव योनि में रहकर ही कर्मो का फल भोगना पड़ता - योग शक्ति भारती दीदी



**खल्लारी।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भगवत गीता प्रवचन में योग शक्ति भारती दीदी ने मनुष्य के जन्म-मरण की अद्भुत कहानी सुनाई। उन्होंने बताया कि मनुष्य अपने विकर्मों की सजा भोगने के लिए किसी पशु योनि में नहीं जाता बल्कि मनुष्य के मनुष्य शरीर में रहकर ही उसे अपने किए हुए पाप कर्मों का प्रतिफल भोगना पड़ता है। मानव शरीर में रहकर ही शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक समस्याएं एवं दुख मनुष्य के किए हुए पाप कर्मों का ही प्रतिफल है। कथा श्रवण करने नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, छत्तीसगढ़ भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अलका चंद्राकर डॉ युगल किशोर चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लोकेश पनुरिया, खल्लारी सामाजिक कार्यकर्ता तारेश साहू, इंद्र कुमार चौहान, पूरन कंवर, कोमल चंद साहू संहित ग्रामीणजन व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## जनपद सदस्य ने 10 मेधावी छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पनगांव



बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गिन्दोला के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र के जनपद सदस्य घनाराम पटेल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कक्षा 12वीं, 10वीं एवं 8वीं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नगद 25 हजार रुपए की पुरस्कार प्रोत्साहन राशि गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में ग्राम गिंदोला, तिल्दा, डोटोपार एवं घुलघुल के विद्यार्थी शामिल हैं। घनाराम पटेल जनपद सदस्य बलौदाबाजार द्वारा विद्यार्थियों को भविष्य में इसी तरह दृढ़ निश्चय, मन लगन और कड़ी मेहनत कर अपने माता पिता गुरुजन, गांव व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षकों की मांग पर स्कूल प्रांगण में बजरीकरण के लिए 1 लाख जनपद मद से कराने का आश्वासन भी दिया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पैकरा, सतीश डहरिया सरपंच गिंदोला, प्राचार्य जुगेश्वर प्रसाद वर्मा, शिक्षक केशव प्रसाद पटेल, कौशल पटेल, भोलाराम रजक, जितेंद्र कुमार साहू, उत्तम कुमार पटेल पूर्व पंच, कुलदीप पटेल उपसरपंच, दुलौरिन बाई यादव पंच, बुधारा बाई पटेल पंच, रामखिलावन पटेल, रामाधार पटेल, छोटेलाल पटेल रोशन डहरिया, रामकीर्तुन पटेल, हरिराम ध्रुव पंचायत सचिव, शिक्षक-शिक्षिका, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अधिक संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सेवानिवृति पर व्याख्याता हरीश को दी गई विदाई



**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी–अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में उपप्राचार्य पद पर कार्यरत व्याख्याता हरीश देवांगन के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि हरीश देवांगन ने अपने दीर्घ सेवाकाल में विद्यालय की शैक्षणिक उन्नति, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी कर्तव्यनिष्ठा और सरल व्यक्तित्व शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहा।

हरीश देवांगन ने 23 सितंबर 1986 से शिक्षा विभाग में सेवा प्रारंभ की और लगभग 39 वर्ष 6 माह की उल्लेखनीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। उद्बोधन में उन्होंने विद्यालय परिवार के सहयोग और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया।

## नितेश ने एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण कर बढाया क्षेत्र का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम नर्रा (झिटकी) निवासी किसान एवं व्यवसायी उमाराम साहू एवं माता सावित्री साहू के पुत्र नितेश साहू ने एफएमजीई (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन) परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। एफएमजीई परीक्षा विदेशी चिकित्सा स्नातकों के लिए भारत में चिकित्सकीय सेवा हेतु अनिवार्य लाइसेंसी परीक्षा मानी जाती है। नितेश की इस उपलब्धि से ग्राम सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। डॉ. नितेश ने हरिभूमि को बताया कि उनकी प्राथमिक शिक्षा नवज्योति विद्यालय (आईसीएसई) से तथा माध्यमिक शिक्षा युवोदय विद्यालय, बलांगीर से पूर्ण हुई। उन्होंने 12वीं बोर्ड परीक्षा 94 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इसके पश्चात उसी वर्ष उन्होंने कजाकिस्तान के



■ हरिभूमि से साझा की सफलता की कहानी

अस्ताना मेडिकल विश्वविद्यालय में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया और भारत से बाहर रहकर 5 वर्षीय मेडिकल कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया। एमबीबीएस के बाद एफएमजीई परीक्षा की तैयारी के लिए उन्होंने अपने मित्रों की सलाह पर दिल्ली में 6 माह तक कोचिंग ली। जनवरी में आयोजित एफएमजीई स्क्रीनिंग परीक्षा में उन्होंने 300 में से 192 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। डॉ. नितेश साहू ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय नवज्योति विद्यालय, युवोदय विद्यालय, अस्ताना मेडिकल यूनिवर्सिटी के शिक्षकों, दिल्ली के कोचिंग शिक्षकों, माता-पिता एवं परिवार के वरिष्ठजनों को देते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इनके मार्गदर्शन व आशीर्वाद से ही वे इस मुकाम तक पहुंच सके।



### चार युवकों का सीआईएसएफ व एक का एमबीबीएस में चयन, गणतंत्र दिवस पर हुआ सम्मान

**नर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के चार युवकों का सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) तथा एक युवक का एमबीबीएस में चयन होने पर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सीआईएसएफ में चयनित युवकों में संतोष ध्रुव (ग्राम बहेराभांठा), तिरेंद्र कुमार (नर्रा), कपिल पटेल (कोकड़ी) एवं प्रीतम कुमार (भलेसर) शामिल हैं। वहीं डॉ. नितेश साहू (नर्रा–झिटकी) का एमबीबीएस में चयन हुआ है। शाला परिवार की ओर से सभी चयनित युवाओं को श्रीफल, स्मृति-चिन्ह एवं गमच्छा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला समिति के सदस्य, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मुख्य मार्ग पर पार्किंग का अभाव नगरवासियों की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग पर समुचित वाहन पार्किंग व्यवस्था के अभाव में आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर चारपहिया वाहन चालकों को वाहन खड़ा करने के लिए कोई निर्धारित स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण सड़क किनारे ही वाहन पार्क करने पड़ते हैं, जिससे आवागमन बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। साथ ही पुलिस चालान का डर भी वाहन चालकों को परेशान कर रहा है।



सिविल लाइन क्षेत्र स्थित गार्डन चौक के आसपास स्टेट बैंक, यूको बैंक, एक्सिस बैंक, उद्यान, भाजपा एवं कांग्रेस जिला कार्यालय, रेस्टोरेंट सहित अनेक प्रतिष्ठान स्थित हैं। कार्यालय समय के दौरान बड़ी संख्या में दोपहिया एवं चारपहिया वाहन मुख्य मार्ग पर खड़े रहते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होता है।

इस समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका बलौदाबाजार से निर्माणाधीन कांग्रेस कार्यालय से लगे खाली भूमि पर बहुमंजिला दोपहिया एवं चारपहिया पार्किंग स्थल निर्माण की मांग की गई है। यह मांग वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा उठाई गई है।

नगरवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र स्थायी पार्किंग व्यवस्था नहीं की गई तो भविष्य में यातायात समस्या और गंभीर हो सकती है। नागरिकों ने नगर प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाने की अपील की है।



## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**नर्रा।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत गांधी पुण्यतिथि पर "स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान" संचालित किया जा रहा है। सीएमएचओ महासमुंद डॉ. आई. नागेश्वर राव, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वी.पी. सिंह एवं बीएमओ बागबाहरा डॉ. बी.एस. बढ़ई के मार्गदर्शन में ब्लॉक कुष्ठ नोडल एम. चौधरी ने कुष्ठ रोग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग पूर्व जन्म का पाप या देवी-प्रकोप नहीं, बल्कि जीवाणु से होने वाला साधारण रोग है। कोमाखान सेक्टर कुष्ठ नोडल डिगेंद्र परमार ने रोग के लक्षणों की जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मधुराज देवांगन, जिला कुष्ठ सलाहकार एकेश्वर शुक्ला, सेक्टर पर्यवेक्षक नरेश कुमार साहू, एलएचवी सोनिका दास, ग्राम पंचायत राटापाली की सरपंच पूर्णिमा सोनवानी सहित जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य कर्मी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बसना शहर वितरण केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बसना शहर वितरण केंद्र द्वारा राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का भव्य आयोजन डॉ.खुशबू अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष बसना के मुख्य आतिथ्य एवं पार्षद गण राकेश डडसेना, कादरी और संगीता नायक के गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कंपनी की अब तक की उपलब्धियां, विद्युत सेवा के विस्तार और उपभोक्ता के सहभागिता को भी विशेष रूप से सराहा गया महोत्सव के दौरान बीपीएल कनेक्शन के मानक अनुरूप खपत वाले उपभोक्ताओं, 2 साल से नियमित भुगतान करने वाले घरेलू, गैर घरेलू और कृषक उपभोक्ताओं



तथा पीएम सूर्य घर योजना के प्रथम पांच लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के द्वारा विद्युत के क्षेत्र में किया जा रहे नित नये प्रगति की प्रशंसा करते हुए वर्तमान में शासन द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर प्लांट स्थापना हेतु दी जा रही सब्सिडी का लाभ अधिकाधिक संख्या में लेने हेतु आम जनता से एवं उपस्थित उपभोक्ताओं से आहवान किया। इस अवसर पर बसना उपसंभाग के सहायक अभियंता एन के आदित्य ने बसना शहर क्षेत्र में विद्युत विकास के संबंध में बताते हुए कहा कि बसना शहर में एकमात्र 33/11 केवी उपकेंद्र था,आज की स्थिति में दो 33/11 केवी उपकेंद्र स्थापित है जिसमें कुल पांच नग पॉवर ट्रांसफॉर्मर हैं, एवं बसना शहर के अंतर्गत लगभग 150 नग डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर स्थापित हो चुका है, जिनके माध्यम से उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जाती है। महोत्सव के दौरान कंपनी के विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। उप संभाग बसना के अंतर्गत 31 जनवरी को ग्राम जगदीशपुर वितरण केंद्र बसना ग्रामीण के अंतर्गत एवं 2 फरवरी को गढ़फुलझर वितरण केंद्र के अंतर्गत रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### मनरेगा का नाम बदलने का विरोध



**नर्रा।** जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत झिटकी के आश्रित ग्राम मुड़पार में चल रहे वीबी जी राम जी के कार्यशाला में मजदूरों को रोजगार मिल सके, इसके लिए 100 दिवस की जगह 125 दिवस किया गया है। इस ग्राम मुड़पार मे चल मनरेगा कार्य में लगे मजदूरों के बीच हालचाल जानने पूर्व जनपद पंचायत सभापति उत्तम राणा, कोमाखान मंडल अध्यक्ष किशोर चतुर्वेदी, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि नूतन पटेल पहुंचे, जहां मजदूरों से चर्चा कर केंद्र में बैठी मोदी की सरकार ने जो महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदल कर वीबी जीरामजी मनरेगा का नाम रखा गया है, इस सरकार के नाकामी और जो नाम बदलकर महात्मा गांधी का अपमान किया है इसे जनता नहीं सहेगी। इस दौरान पोख़न महानंद, गोपी निहाल, रमेश दीवान दीनदयाल दीवान, रोशन, उदय राम निहाल, ब्रिज ठाकुर, मिलाप ठाकुर, ओडिशा ठाकुर, लखन ठाकुर, प्रेम राजपूत, डाहर सिंह पटेल, यादो राम, डमरू विश्वकर्मा, दयालुराम, गुमान दीवान, टिकेश, लक्ष्मी बाई, सोनिया बाई, लक्ष्मीबाई, सुमित्रा बाई, दुर्गाबाई, हेमिन बाई, आशा बाई, देवकी बाई, रूखमणि बाई इत्यादि मजदूर उपस्थित रहे।

# हथबंद में नई शराब दुकान शुरू, सुविधा या समस्या? ग्रामीणों की राय में उभरा गहरा मतभेद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

सिमगा विकासखंड के ग्राम हथबंद में नई शराब दुकान खुलने के बाद गांव में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। शराब दुकान खुलते ही कुछ वर्गों में उत्साह देखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कई ग्रामीण इसे सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदायक बता रहे हैं।

कुल मिलाकर हथबंद में इस फैसले को लेकर राय बटी हुई नजर आ रही है। शराब दुकान के समर्थन में बोलने वाले ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले उन्हें शराब के लिए दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती थी। अब गांव में ही सरकारी दुकान खुलने से सुविधा बढ़ी है। ग्रामीणों का यह भी मानना है कि सरकारी दुकान खुलने से अवैध शराब पर रोक लगेगी, नकली शराब की बिक्री बंद होगी और प्रशासन को राजस्व में बढ़ोतरी होगी। साथ ही दुकान खुलने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने की भी संभावना जताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर शराब दुकान के विरोध में खड़े ग्रामीणों और महिलाओं का कहना है कि इससे गांव का माहौल बिगड़ सकता है। उनका मानना है कि शराब की उपलब्धता बढ़ने से युवाओं पर नकारात्मक असर, घरेलू विवाद और आर्थिक परेशानियां बढ़ सकती हैं। कुछ ग्रामीणों ने आशंका जताई कि शराब दुकान गांव के नजदीक होने से शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है और महिलाओं-बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

## समर्थकों ने कहा - पैसे और समय की बचत होगी




### परिवारों में तनाव बढ़ेगा

एक महिला ग्रामीण ने कहा शराब दुकान खुलने से घर का पैसा शराब में जाएगा और परिवारों में तनाव बढ़ेगा। प्रशासन और आगे की स्थिति फिलहाल प्रशासन की ओर से शराब दुकान को नियमों के तहत संचालित करने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि दुकान खुली है तो समय, स्थान और नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न फैले। सिमगा ब्लॉक के हथबंद में खुली नई शराब दुकान को लेकर गांव में सुविधा और विकास बनाम सामाजिक प्रभाव की बहस छिड़ी हुई है। अब यह आने वाला समय बताएगा कि यह फैसला गांव के लिए कितना लाभकारी साबित होता है और प्रशासन जनभावनाओं को किस तरह संतुलित करता है।

## खबर संक्षेप

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2 से

**महासमुंद।** जिले के विभिन्न विकासखंडों में महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रृंखला के तहत 02 फरवरी को जगदीशपुर पिथौरा और खटखटी बसना में तथा 03 फरवरी को कुटेला सरायपाली में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष और 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला खिलाड़ी भाग ले सकती हैं। इसमें बैडमिंटन, खो-खो, रस्साकसी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, हॉकी के साथ-साथ 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ शामिल हैं। सभी खेल निर्धारित आयु वर्ग के अनुसार आयोजित होंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सरायपाली विकासखंड की महिला खिलाड़ी हेमसागर केवर्त, पीटीआई शुभ्रा डडसेना, लखेश्वर भोई, शिवकुमार पटेल, केपी साहू और मुकेश साहू से संपर्क कर पंजीयन कर सकती हैं।

### फैकल्टी डाइवर्सिटी पर व्याख्यान कार्यक्रम

**महासमुंद।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में फैकल्टी डाइवर्सिटी को विशेष महत्व दिया गया है। इसके अंतर्गत कला संकाय का विद्यार्थी विज्ञानों, वाणिज्य विषय एवं विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय का विद्यार्थी कला विषय का अध्ययन कर सकता है। संकाय विविधता के महत्व को विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के निर्देशन एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में फैकल्टी डाइवर्सिटी पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कला संकाय प्रभारी प्रो. डॉ.रीता पांडेय, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. डॉ मालती तिवारी, विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ ई पी चेलक, वाणिज्य संकाय प्रभारी, अजय कुमार राजा, छात्र संघ प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ दुर्गावती भारतीय, कंप्यूटर संकाय प्रभारी डॉ अजय कुमार देवांगन मौजूद थे। , दिलीप कुमार बढ़ाई, केसर चंद वनपाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जीवन चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन दिलीप बढ़ाई ने किया।

### श्रमिकों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी श्रमिकों को दी गई। योजनाओं के बारे में वार्ड नंबर 24 एवं 30 में बैठक लेकर विधायक प्रतिनिधि श्रम विभाग रेखा बेहरा के द्वारा जानकारी दी गई एवं श्रमिक कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किया गया और बताया गया कि जिला में 4000 श्रमिक कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है।

### कैंप में पेंशन से जुड़े मामलों का किया गया निराकरण

**महासमुंद।** जिला कोषालय सभाकक्ष में पेंशन एवं वेतन निर्धारण कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर से अजय कुमार साहू, सहायक संचालक, संदीप कुमार साहू, एसएएस, तथा प्रकाश सिंह ठाकुर, एसएएस की टीम उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202510210600083
अ / 27 वर्ष 2025-26
साकिन- लावर प.ह.नं. 21, तहसील सिमगा

**राजस्व मामले में नोटिस / सूचना**

प्रति,
**1. कुंज बाई पिता अनुरथ जाति गोंड साकिन- लावर प.ह.नं. 21, तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.)**

आवेदक आनंद कुमार पिता अनुरथ जाति गोंड निवासी ग्राम लावर द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 178 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 वास्ते खाता विभाजन किये जाने बाबत प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक एवं अनावेदकगण के नाम पर शामिलात खाते में ग्राम लावर प.ह.न. 21 तहसील सिमगा में ख.नं. 1379, 1567 रकबा 0.7400, 0.7700 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 1.5100 हे. कृषि भूमि दर्ज है। आवेदक ने उक्त भूमि का पूर्व आपसी विभाजन अनुसार खाता विभाजन करने निवेदन किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त भूमि, प्रकरण में आप आवश्यक पक्षकार हैं। प्रकरण में पेशी दिनांक 12-02-2026 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय में सुनवाई हेतु नियत है।

अतः प्रकरण में नियत तिथि 12-02-2026 को प्रातः 11.00 बजे आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब आपत्ति आदि प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि को अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 21-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सिमगा

## प्रवचन : आध्यात्मिक वातावरण में डूबा नगर, आज होगा समापन

# स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज ने समझाया नवधा भक्ति का मर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



श्री सीमेंट लिमिटेड के तत्वावधान में रायपुर में 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को विश्व-प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज के दो-दिवसीय नवधा भक्ति कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।

स्वामी गोविंद देवगिरी महाराज ने नवविधा भक्ति के महत्व को समझाते हुए कहा कि भक्ति के नौ स्वरूप—श्रवण, कीर्तन, स्मरण, सेवा, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्म-निवेदन मानव जीवन को आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम और भक्त प्रह्लाद द्वारा प्रतिपादित भक्ति मार्ग आज के जीवन में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। स्वामी ने कहा कि भक्ति केवल पूजा तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक कर्म में ईश्वर भाव को स्थापित करने की प्रक्रिया है। कथा के दौरान स्वामीजी ने भगवान श्रीराम के आदर्शों का विस्तृत विवेचन करते हुए धर्म, मर्यादा, करुणा, धैर्य, विनम्रता और निःस्वार्थ सेवा को मानव जीवन के मूल आधार बताया। उनकी सरल, प्रभावशाली वाणी और गहन आध्यात्मिक विचारों ने श्रोताओं को आत्मचिंतन और आत्मिक जागरण की ओर प्रेरित किया। कथा के प्रत्येक प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और जयघोष के माध्यम से भावपूर्ण सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर श्री सीमेंट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज अखौरी ने कहा कि स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज की कथा केवल आध्यात्मिक प्रवचन नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों को समझने और आत्मिक विकास का मार्ग प्रशस्त करने वाला अनुभव है। उन्होंने कहा कि श्री सीमेंट सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के माध्यम से समाज के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम में श्री सीमेंट लिमिटेड ने सामाजिक जुड़ाव, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक जागरण को सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। कथा का सीधा प्रसारण श्री सीमेंट के यूट्यूब चैनल पर 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को दोपहर 2.30 बजे से किया जा रहा है।

# डी के कॉलेज में नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम हुआ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाज़ार में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। भारत सरकार युवा एवं खेल मंत्रालय, शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं दाऊ कल्याण महाविद्यालय के रासेयो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. ए आर सी जेम्स ने की। उन्होंने कहा कि आज के समाज को बचाने के लिए स्कूल एवं महाविद्यालय परिसर में नशा मुक्त के लिए जागरूकता कार्यक्रम बहुत जरूरी है। मुख्य अतिथि अर्पित तिवारी उपनिदेशक माई भारत छत्तीसगढ़ के द्वारा युवाओं को नशा से बचने, अपने परिवार एवं समाज में जागरूकता का संदेश देने कहा गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रदर्शन,रंगोली एवं रैली के माध्यम से जागरूकता फैलाया गया। कार्यक्रम में सुषमा दीवान रासेयो अधिकारी मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, नरेन्द्र देव मिर्झा रासेयो जिला संगठक बलौदाबाजार के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# संयंत्र ने कार्यक्षेत्र के15 गांवों में आयोजित किया नेत्र जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा कार्यक्षेत्र के 15 गांवों में 10 नेत्र जांच एवं निःशुल्क चश्मा वितरण शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों में कुल 1355 ग्रामीणों की नेत्र जांच की गई तथा 790 लाभार्थियों को निःशुल्क चश्में वितरित किए गए और 308 ग्रामीणों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जिन्हें ऑपरेशन हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इन शिविरों का आयोजन ग्राम गुमा, सरसेनी, चुचरुंगपुर, रावन, खपराडीह, पेंड्री, झीपन तिल्दाबांधा, फुलवारी एवं सीएसआर सेंटर रावन में किया गया। यह संपूर्ण पहल संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

कार्यक्रम के दौरान गणेश विनायक फाउंडेशन के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विशेष नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविरों को सफल बनाने में संबंधित ग्राम पंचायतों के पदाधिकारी, मितानिन एवं शासकीय स्वास्थ्यकर्ताओं का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जिनकी सक्रिय भूमिका ने ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर विभाग की ओर से सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति, रंजय पाण्डेय तथा टीम के सदस्य सुरेन्द्र कुमार यादव, द्वारिका वर्मा, हेमलता ध्रुव, सुनिता निषाद एवं साहिल बंदे ने पूरे समर्पण के साथ इस सामाजिक पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विश्व भारती पब्लिक स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव

**गोपालपुर।** ग्राम रोहिना के विश्वभारती पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय थे। विशेष अतिथि कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, डिप्टी कलेक्टर शिखा शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। इसके अलावा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता वेदराम जांगड़े, मनबोध प्रसाद साहू, सुनील शर्मा सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक, अभिभावक और शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य, गीत, नाटक और अन्य मनोरंजक प्रस्तुतियों की जमकर प्रशंसा की तथा कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रीय मूल्यों का संचार करना था, जो पूरी तरह सफल रहा।

# तेल-दाल सहित अन्य खाद्य सामग्री में आई अचानक तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



खाद्य पदार्थों में तेजी का रूख पिछले 15 दिनों से जारी है, जो खाद्य तेलों में निरंतर जारी है। खाद्य तेल 100 से 150 रूपये प्रति टीन में तेजी आई है। खाने का तेल जो 1900 रूपये था जो बढ़कर 2100 रुपए से ऊपर पहुंच चुका है। इस तेजी के कारण को व्यापारी भी समझ नहीं पा रहे हैं। वही आम उपभोक्ता भी खाद्य तेलों के बढ़े दाम को लेकर अचंभित है। इससे घर के बजट पर असर पड़ रहा है। वहीं राहर के दाल में भी अचानक तेजी आई है, जो राहर दाल 105 रूपए थी, जो बढ़कर 130 रुपए किलो तक जा पहुंची है, जबकि कर्नाटक, महाराष्ट्र से नई राहर की आवक शुरू हो चुकी है। बावजूद इसमें तेजी आई है। इसके अलावा उड़द दाल जिसका उपयोग इडली, दोसा बनाने में ज्यादा होता है वह भी 80 रूपये से बढ़कर 105 रूपये तक जा पहुंची है। दाल मील व्यावसायी इन्द्र कुमार का कहना है कि पिछले 15 दिनों से खड़ी राहर में एक तरफा तेजी है। सारा कच्चा माल कर्नाटक, महाराष्ट्र से आता है। लोकल राहर में अभी देरी है। इधर दाल के दाम में तेजी के कारण बिक्री पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। तेजी का रूख और कितना आगे जायेगा, यह कहा नहीं जा सकता। किराना व्यावसायी राजेश छाबड़िया का कहना है कि तेल में 100 से 150 और राहर, उड़द दाल में 20 से 25 रुपये तेजी आई है। वहीं तेजी के कारण बिक्री में फर्क पड़ा है। वहीं शादी ब्याह का मौसम शुरू होते ही इन सब चीजों में तेजी आ गई है, तेजी का रूख आगे क्या होगा यह समय तय करेगा।

## ह्यूमन राइट्स ने राज्य स्तरीय पदाधिकारियों का चयन किया



**सिमगा।** युनाइटेड ह्युमन राईट्स एण्ड सोशियल जस्टिस कौंसिल के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष घासी भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम बिलासपुर में आयोजित किया गया। इसमें राज्य स्तरीय पदाधिकारियों का चयन कर पद ग्रहण किया और शपथ ली। इसमें सिमगा परिक्षेत्र से सेवानिवृत्त अतिरिक्त सीईओ पुहुप राम यद्व, सेवानिवृत्त डीएसपी सविता दास वैष्णव, डॉ. डी आर मनहर तथा सुरेंद्र यादव आदि शामिल थे। डॉ. राकेश जोशी ने कहा कि अब काउंसिलिंग का न्याय और न्याय के लिए आवाज उठेगी। सभी सदस्य काउंसिलिंग हमेशा सर्व धर्म का सम्मान करते हुए मानव हित में कार्य करेंगे, सामाजिक जागरूकता फैलाएंगे, अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध आवाज बुलंद करते हुए शोषित पीड़ितजनों को न्याय दिलाएंगे। कार्यक्रम में स्टेट चीफ कोऑर्डिनेटर सुरेन्द्र यादव ने सभी का स्वागत किया।

## पेज 11 के शेष

### जिला स्तरीय महिला...

कम में 100 मीटर दौड़ प्रथम प्रतिज्ञा, द्वितीय मासूम ध्रुव, तृतीय सिमरन साहू 400 मीटर प्रथम हीरा निषाद, द्वितीय प्रतिज्ञा साहू, तृतीय साक्षी साहू तवा फेंक में प्रथम खुशी, द्वितीय तान्या शर्मा, तृतीय प्रतिज्ञा 18 वर्ष से अधिक में 100 मीटर दौड़ प्रथम प्राची, द्वितीय खिलेश्वरी वर्मा, तृतीय त्रिवेणी सेन 400 मीटर प्रथम माधुरी ध्रुव, द्वितीय पायल सोनी, तृतीय कावेरी निषाद तवा फेंक में प्रथम ओमिन बंजारे, द्वितीय सान्या महिलांगे, तृतीय बिंदू पैकरा।

### नगर में स्वयंसेवक...

समय के अनुसार निर्णय लेने की क्षमता हो। इस कार्यक्रम में बलौदा बाजार जिला के जिला प्रचारक विवेकानंद निर्मलक, खण्ड कार्यवाह ओमप्रकाश वर्मा, सह कार्यवाह राधेश्याम एवं कार्यक्रम के संयोजक लोकेश यदु, सह विभाग व्यवस्था प्रमुख उमाशंकर कश्यप कार्यक्रम में रहे। खण्ड के विभिन्न ग्रामों से युवक-युवती, चिकित्सक, प्राध्यापक, शिक्षक एवं व्यवसाय वर्ग भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### धोबानी में पांच...

एक दूसरे से पृथक है बल्कि कहा जाता कहा जा सकता है कि बाह्य और आंतरिक अंगों को स्वस्थ रखने का तरीका है, आदिकाल से हमारे ऋषि मुनि इस विद्या को अपनाते आ रहे हैं। एक उम्र के बाद मांसपेशियां ढीली पड़ने लगती है। योग द्वारा उनके शिथिल होने की गति को कम किया जा सकता है। शरीर सक्रिय बना रहा तो जीवन का आनंद उम्र के हर पड़ाव में लिया जा सकता है। इस समापन शिविर में भुवन लाल साहू प्रधान पाठक, चंद्रशेखर द्विवेदी शिक्षक, शिव नारायण मारू, रेवत राम जाट, सुभाष साहू, खिलेश्वर साहू, सरस लोकेश, आयुष, निहाल, आनंद, निधि साहू, काव्य निषाद, मानवी निषाद, लिपिक पटेल, रूपेण, धनेश्वरी, गायत्री साहू, मोनिका, भारत साहू, राधे साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### पुष्पा निषाद की...

इस संबंध में आयोजित समारोह के निर्देशक एवं राष्ट्रीय संयोजक, सुप्रसिद्ध अधिवक्ता विमल कांत तिवारी को सूचना प्रेषित की। इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत कौशलपुर में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर राष्ट्रीय रामायण मेला के अध्यक्ष बिहारी लाल अग्रवाल, महासचिव, सलाहकार (सत्तू) पटेल, सलाहकार अधिवक्ता मोहनलाल केसरवानी सहित टीम के कलाकार उपस्थित थे।

# लखमाईसती की नवधा रामायण में भक्तों का उमड़ा सैलाब, ग्राम का वातावरण भक्तिमय हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटगी





ग्राम पंचायत लखमाईसती में इन दिनों वातावरण पूरी तरह राममय है। श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ आयोजित श्री अखंड नवधा रामायण समारोह में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन सहभागी बनकर रामायण पाठ एवं मधुर भजन-कीर्तन का आनंद ले रहे हैं। इस आयोजन के आचार्य पं. हरिश शर्मा के मार्गदर्शन में विधि-विधान पूर्वक किया जा रहा है। रामचरित मानस की चौपाइयों के गूंजते स्वर से पूरा ग्राम आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव में डूबा हुआ प्रतीत हो रहा है, इससे श्रोताओं के मन में शांति और सकारात्मकता का संचार हो रहा है। आगामी दिनों में श्रद्धालुओं के लिए विशेष रामकथा प्रसंगों का वाचन, सामूहिक भजन-कीर्तन, हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समापन अवसर पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। ग्राम पंचायत लखमाईसती द्वारा आयोजित यह समारोह न केवल सनातन संस्कृति को सशक्त कर रहा है, बल्कि ग्रामीणों को एक सूत्र में बांधते हुए सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को भी मजबूत कर रहा है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
30 जनवरी 2026
SHOW TIME
बार्डर – 2
शो समय - 12:00, 3:00, 6:45, 9:00 PM
मर्दानी – 3
शो समय - 03:45, 06:15 PM
कब होगी मिलन (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# रजत जयंती पर विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं को दी योजनाओं की जानकारी

## जनकल्याणकारी विद्युत योजनाओं की जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाना ही उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड विद्युत विभाग गिधौरी द्वारा अपनी स्थापना की रजत जयंती पर 31 जनवरी को विद्युत विभाग परिसर गिधौरी बरपाली में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी विद्युत योजनाओं की जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाना रहा। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, महिला-पुरुष उपभोक्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

सभी की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि मनीष निराला ग्राम पंचायत बरपाली रहे। उनका स्वागत विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री विकास कुमार पटेल एवं कर्मचारी ठाकुर दयाल सोनी द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि मनीष निराला ग्राम पंचायत बरपाली ने नागरिकों से अधिकाधिक सौर पैनल स्थापित कर विद्युत की बचत करने, विद्युत बिल कम करने तथा शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग की सराहना करते हुए उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने का आग्रह किया।





### उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को सम्मान किया गया

इस अवसर पर विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को सोलर पैनल स्थापना, उससे होने वाली बचत एवं दीर्घकालीन लाभों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों के उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कनिष्ठ यंत्री विकास कुमार पटेल के नेतृत्व में किया गया। गिधौरी बिजली विभाग के सभी कर्मचारी शुभम सिंह राठौर, उत्तम बंजारे, ओम प्रकाश सूर्यवंशी, सत्यनारायण, उपेंद्र सहयोगी मोहरसाय सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मोहरा में पांच दिवसीय रामायण आज से

**हिरमी रावन।** श्री नर्मदेश्वर महादेव महिला समिति मोहरा के तत्वावधान में ग्राम मोहरा में पांच दिवसीय रामायण समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 1 से 5 फरवरी तक प्रतिदिन किया जाएगा। समिति की ओर से बताया गया कि भगवान श्रीराम की कृपा से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिदिन रामकथा का वाचन एवं भजन-कीर्तन होगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक भावना को जागृत करना एवं समाज में संस्कारों का प्रचार-प्रसार करना है। कार्यक्रम में भाग लेने वाली समिति की प्रमुख सदस्यों में चंद्रवती वर्मा, प्रेमिन वर्मा, राही यादव, भारती वर्मा, रामप्यारी वर्मा, अनुसुइया वर्मा, रंजना फकर, पुष्पा वर्मा, देवकी वर्मा एवं छेदिन वर्मा शामिल हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर रामकथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें। कार्यक्रम के लिए प्रति जोड़ी सहयोग राशि 501 रुपए रखी गई है। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में श्री राम भक्त परिवार, नंद नंदन मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासी मोहरा का विशेष सहयोग रहेगा।

### एक्सीडेंट में बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** मुढ़ीपार क्रासिंग एनएच 53 के पास एक वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। मामले को लेकर पिथौरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार 30 जनवरी की सुबह छिबर्रा निवासी रोहित पटेल अपनी मोटर सायकल से सुबह करीबन 10 बजे बैंक के काम व गैस सिलेंडर लेने पिथौरा गये थे। वापस आते समय करीब 12.25 बजे ग्राम मुढीपार क्रासिंग एनएच 53 रोड के पास पिथौरा से झलप की ओर जा रही वाहन क्रमांक ओडी 15 एडी 0205 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर रोहित पटेल की मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से रोहित को गंभीर चोट लगी और इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पिथौरा लाया, जहां डाक्टर ने चेक कर मृत्यु होना बताया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जिला भाजपा महिला मोर्चा की मंत्री बनीं बबली

**महासमुंद।** भाजपा महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें घोडारी क्षेत्र की जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े बबली को जिला मंत्री बनाया गया है। दायित्व मिलने पर जांगड़े समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और हर्ष व्यक्त किया।

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2 से



**महासमुंद।** जिले के विभिन्न विकासखंडों में महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस शृंखला के तहत 02 फरवरी को जगदीशपुर पिथौरा और खटखटी बसना में तथा 03 फरवरी को कुटेला सरायपाली में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष और 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला खिलाड़ी भाग ले सकती हैं। इसमें बैडमिंटन, खो-खो, रस्साकसी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, हॉकी के साथ-साथ 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ शामिल हैं। सभी खेल निर्धारित आयु वर्ग के अनुसार आयोजित होंगे।

## विरोध : सोनाखान में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना व सांकेतिक चक्काजाम

# कांग्रेस की मनरेगा बचाओ पदयात्रा में कार्यकर्ताओं ने किया सांकेतिक चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशन में बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर मनरेगा बचाव संग्राम एक दिवसीय शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन सांकेतिक चक्काजाम कार्यक्रम हुआ। यह आंदोलन शहीद वीर नारायण सिंह की भूमि सोनाखान में विधानसभा स्तर पर किया गया।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शहीद वीरनारायण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान रघुपति राघव राजा राम भजन गया गया। इस जनसमर्थन में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

विधायक कविता प्राण लहरे के साथ युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, भीसम साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसिवा, लकेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़, राज महत पी के धृतलहरे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मोती साहू, इतवारी साहू मंडल अध्यक्ष सोनाखान, धरम सिंह रात्रे मंडल अध्यक्ष बार नवापारा, गजेंद्र पटेल मंडल अध्यक्ष गिरौदपुरी, चंद्रशेखर नायक मंडल अध्यक्ष थरगांव, रविशंकर बंजारे मंडल अध्यक्ष टुंडरा, फुलेश्वरी सूरज साहू सरपंच वीर नारायण पुर, ओमेश्वरी वीरेंद्र साहू सरपंच सोनपुर, मिथलेश चेतन डडसेना बया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष योगेश्वरी साहू बिलाइगढ़, महिला कांग्रेस अध्यक्ष बिमला साहू सरसिवा, बबलू खान, जान मोहम्मद खान, मुरलीधर मिश्रा, धनीराम नाग, सुखलाल केवट, जितेंद्र पटेल, गनपत पटेल, संतु राम बरिहा, कृष्णचंद पटेल, दीपक बंदे, नंदकुमार डडसेना, मोहित चौधरी, डीगेश यादव, मनोज पटेल, जिब्रधन पटेल, आसिफ खान, रामकुमार नायक, राजेश, देवकुमार साहू, रामसिंह ठाकुर, भास्कर चौधरी, रामायण पैंकरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, आमजन, जन प्रतिनिधि शामिल होकर मनरेगा बचाव पदयात्रा, एक दिवसीय शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन, चक्का जाम कार्यक्रम को सफल बनाए।

पद यात्रा को सफल बनाने के पश्चात विधायक कविता प्राण लहरे ने अपने समस्त कार्यकर्ताओं के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़, मनरेगा बचाव संग्राम के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व कैबिनेट मंत्री, खरसिया विधायक उमेश नंद कुमार पटेल, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, कसडोल विधायक संदीप साहू, जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, बिलाईगढ़ प्रभारी संदीप अग्रवाल, शैलेन्द्र बंजारे, गायत्री केवट, पदमेश्वरी साहू, प्रेमलता बंजारे आदि प्रमुख जनों के साथ संत शिरोमणि बाबा घासीदास जी के चरणों मे गिरौदपुरी पावन धाम में माथा टेका और आगे चलकर कसडोल विधायक संदीप साहू द्वारा आयोजित कार्यक्रम, मंडल, ब्लॉक अध्यक्ष पद भार ग्रहण कार्यक्रम कसडोल में शामिल हुए।

# डॉ. दिलेश्वर बने झेरिया यादव समाज गिधपुरी पार के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

लवन राज पलारी परिक्षेत्र झेरिया यादव समाज गिधपुरी पार की वार्षिक बैठक ग्राम पंचायत हरिन भट्टा में हुई। इसमें वार्षिक लेखा-जोखा एवं नए पदाधिकारी का निर्विरोध मनोनयन समाज के लोगों द्वारा किया गया, जिसमें 14 गांव के लोग शामिल हुए। नए पदाधिकारी के रूप में अध्यक्ष डॉ. दिलेश्वर कुमार यादव ग्राम लटेरा, उपाध्यक्ष परदेसी यादव कुची मंत्री फुलचंद हरिन भट्टा ग्राम, कोषाध्यक्ष कोदूराम यादव सुन्द्रावन, सचिव संतोष यादव तेलासी, सह सचिव सुंदर यादव मलपुरी, सलाहकार भेखू यादव सहड़ा एवं ग्राम प्रमुख नंदकुमार यादव, जनक यादव, डोमार यादव, गणेश यादव, कुमार यादव, मनोहर, गंगाराम, तिलक, भवन बाला खुर्बारा, सरजू, बल्लू, चंदन, लखन यादव नये पदाधिकारी के रूप में मनोनीत हुआ।

## प्रार्थना शेड निर्माण का भूमि पूजन

**सेल।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय भद्रा में 15 लाख लागत से बनने वाले प्रार्थना शेड निर्माण का भाजपा जिलामंत्री एवं जनपद सदस्य मेलाराम साहू ने भूमिपूजन किया। इस मौक़े पर सरपंच प्रतिनिधि रामफल कश्यप, शिक्षाविद प्रेमसागर कश्यप, विश्राम सागर कश्यप, शाला विकास समिति अध्यक्ष पंच पुष्पा बंजारे, पंच बद्रिका बंजारे, प्राचार्य भजनसिंह पैंकरा, पंचुराम बंजारे, सोहन वर्मा, रमेश कैवर्त्य, चैतराम कैवर्त्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए थे।



# पीएम श्री आत्मानंद विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिंदी माध्यम माध्यमिक विद्यालय सिमगा में 31 जनवरी को विद्यालय प्रांगण में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्या गीता लहरे द्वारा सरस्वती पूजन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्या द्वारा दिया गया। वार्षिक प्रतिवेदन आशीष शर्मा द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 40 प्रोग्राम शामिल थे जिसमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक गुजरात से लेकर अरुणाचल तक की पूरी संस्कृति की झलक दिखाई दी। छत्तीसगढ़ की वेशभूषा में सभी बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रतिवेदन में बताया गया कि विद्यालय के 10वीं बोर्ड में दिव्यांश देवांगन ने छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। उन्हें राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था तथा कंचनबाला ने प्रदेश में छटवां स्थान प्राप्त किया था। पुरस्कार वितरण में कक्षा दसवीं की प्रथम ऋतु मारकंडे एवं 12 वीं में प्रथम क्षमा देवांगन एवं द्वितीय सुजल जैन को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति से रुक्मणी साहू, सुनीता यादव, रजनी दुबे, रेशम लाल गेंन्द्रे, पार्षद प्रियंका अनूप तिवारी, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे, दीनबंधु शर्मा एवं विद्यालय के शिक्षा एवं विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## हाइस्कूल की 68 छात्राओं को साइकिल वितरित

**भाटापारा।** सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय उच्च माध्य विद्यालय देवरी में 68 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस मौके पर जनपद पंचायत के सभापति नरेश कुमार साहू, सरपंच वेद कुंवर घृतलहरे, उपसरपंच मनीषा साहू, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य टेकराम घृतलहरे, दुर्गा वर्मा व राजेश्वरी वर्मा, पंच कैलाश साहू, सावंत साहू, बृजमोहन वर्मा, रीना वर्मा, संतोषी वर्मा, सुशीला पारधी, शोभित यादव, सरिता-पुरण डांडे, हेमा-कुलदीपक वर्मा, रामेश्वर साहू, रजनी साहू, गंगोत्री साहू, रूकमणी पाटिल की उपस्थिती में साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखी गई। इस अवसर पर सभापति नरेश कुमार साहू ने सभी छात्राओं को बधाई दी। बच्चों को विद्यालय आने जाने में जो असुविधा हो रही थी वह दूर हो जायेगी और वे अपनी शिक्षा को और आगे बढ़ायेंगे। प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने कहा सरकार ने इस योजना को छात्राओं के परिवहन को सुगम बनाने के उद्देश्य से शुरू किया था। कार्यक्रम में व्याख्याता हेमलाल साहू, सुनील कुमार दीवान, प्रीति शाह, रूकमणी साहू, शुभा शर्मा, मृणालिनी शुक्ला, रेणू शर्मा, जी एस टी, जीके साहू, आर के वर्मा, एके खरे, सी के बागड़े, टिकेश्वरी साहू, जीवन संदीप, गिरवर, जानकी,भूषण मरकाम, बांके बिहारी,पुष्पलता अग्रवाल तथा अभिभावक गण उपस्थित थे।



# विश्व भारती इम्पीरियल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसानाला



विश्वभारती इम्पीरियल पब्लिक स्कूल रोहना में रंगारंग प्रस्तुति के साथ वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर डायरेक्टर सुनीति अशोक साहू, संजय भूषण पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष सारंगढ़-बिलाईगढ़, डॉ. संजय कन्नौजे कलेक्टर तथा कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़ एवं ज्योति पटेल जिला अध्यक्ष भाजपा के मुख्य आतिथ्य के रूप में शामिल हुए। आईपी स्कूल रोहिना के संस्था प्रमुख गंगार साहू एवं सभी स्कूल स्टाफ खगेश्वरी साहू, भेदेवनारायण डहरिया, एमआर टंडन, विनय दास वर्षा बंजारे, युगलमती, प्रीति सिदार, प्रीति मिरि एवं संजय निषाद के सफल निर्देशन में बच्चों द्वारा पंथी, सुआ मिक्स कर्मा एवं लोक शिक्षात्मक गीतात्मक नृत्य से उपस्थित हजारों दर्शकों मन मोह लिया। यह स्कूल का प्रथम वार्षिकोत्सव था, जिसमें मुख्य अतिथियों के साथ विशिष्ट अतिथि जन एसएन साहू बीईओ, श्री शर्मा, डिप्टी कलेक्टर, नीलिमा अग्रवाल तहसीलदार भटगांव, बेदराम जांगड़े प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, मनबोध साहू क्षेत्र के अनेक-अनेक गणमान्यजन प्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी, आईजी स्कूल रोहिना के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए एवं बच्चों को शुभाशीष दिये। इस वार्षिकोत्सव में ग्राम के सरपंच सुदर्शन सिंह प्रधान रहे।

### छात्रों ने दी सुवा, जसगीत, पंथी और राउत नाचा की प्रस्तुति

**हथबंद।** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आनंद यादव एवं मनोज गुप्ता रहे। उनके साथ ही क्षेत्र के अन्य स्कूलों के संचालक और अतिथि भी विशेष रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत जस गीत, देश भक्ति, पंथी नृत्य, सुवा नृत्य, राउत नाचा ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी एवं कक्षा पहली की छात्रा श्रव्य वर्मा और निहारिका नौरंगे की छत्तीसगढ़ी गीत ने सभी दर्शकों की मन मोह लिए। मुख्य अतिथि मनोज गुप्ता ने अभिभावकों से मोबाइल से बच्चों को दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की बात कही। छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा - गुरुजनों एवं अपने से बड़ों का सम्मान आदर पूर्वक व्यवहार करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि विद्या वर्मा ने कहा कि आप ही देश के भविष्य हैं और आपकी ऊर्जा ही राष्ट्र निर्माण में काम आएगी। संचालक घनश्याम पाटील ने आभार व्यक्त किया।




## सादगी और दहेज मुक्त विवाह की पेश की मिसाल

# देवांगन समाज तरेंगा राज ने आयोजित किया आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



पलारी गातापार् रणबोड मन्दिर में गुरूवार को आदर्श विवाह का आयोजन गातापार रणबोड मंदिर में हुआ।

इस विवाह समारोह में केवल फिजूल खर्ची पर अंकुश न लगाया, बल्कि समाज को दहेज मुक्त और सरल विवाह का संदेश भी दिया। इस विवाह में वर और वधू पक्ष ने बिना किसी लेनदेन के एक दूसरे को स्वीकार किया।

समारोह में केवल अनिवार्य में धार्मिक रस्मों को महत्व दिया गया। इस अवसर पर तरेंगा राज के पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे, जिन्होंने नवदंपति को सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया। संस्था के संरक्षक एवं प्रदेश देवांगन समाज कल्याण के महासचिव परस देवांगन ने कहा हमारा उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना है। यह आदर्श विवाह केवल एक समारोह नहीं बल्कि एक सामाजिक क्रांति की शुरुआत है। इस प्रकार के आयोजन प्रदेश में जिला मंडल राज के माध्यम से किया जा रहा है। समाज ऐसे आयोजन में विवाह करने वालों को प्रोत्साहन करते रहेगी। इस अवसर पर तरेंगाराज के पदाधिकारी अध्यक्ष फेरूराम देवांगन, उपाध्यक्ष शिवकुमार देवांगन, परदेसी देवांगन, सचिव बलराम देवांगन, कोषाध्यक्ष नारायण देवांगन, आशीष देवांगन, युवा अध्यक्ष हर्ष देवांगन, जयप्रकाश देवांगन समोदा, कृष्ण कुमार देवांगन सहित देवांगन समाज एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411